
॥ श्री गणेशाय नमः ॥

भारत की पहली हाथों से बनाई गई, बजट में आने वाली ज्योतिषीय रिपोर्ट।
37 साल के अनुभव और 10 साल की ऑनलाइन सेवा के साथ, हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम ने ये कुंडली रिपोर्ट खास आपके लिए तैयार की है।
आपका भरोसा हमारे लिए अनमोल है, और हम वादा करते हैं कि आपको सच्ची, सीधी और काम की ज्योतिषीय सलाह देंगे — ताकि आप ज़िंदगी के हर मोड़ पर सही फैसला ले सकें।

# आपकी शादी और करियर की रिपोर्ट

नाम: शिल्पा
जन्म दिन: 9 जनवरी 1993
जन्म समय : सुबह 6:25
जन्म स्थान : बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश




आपके बारे में:

- लग्न: धनु – धनु लग्न के लोग यानी की आप खुले दिमाग की हैं, खुद पर ज्यादा भरोसा रखती हैं। मेहनत का विकल्प नहीं खोजती और दिल की साफ हैं।
- वर्तमान दशा: बुध की महादशा और राहु की अंतरदशा चल रही है (अगस्त 2025 तक)।
- इसके बाद: 4 सितंबर 2025 से गुरु (बृहस्पति) की अंतरदशा शुरू होगी।

---

# करियर

## संबंधित ग्रह और उनका प्रभाव :

- आपकी कुंडली में बुध (बुद्धि का कारक ग्रह, जो पढ़ाई और दिमाग से जुड़े होते हैं) 7वें और 10वें भाव के स्वामी होकर लग्न में हैं। यह बुध की शुभ स्थिति हैं और ये दिखाता है कि आपका दिमाग तेज़ है, बात करने की कला है और सोच समझकर फैसले लेना आपको दूसरों से अलग बनाता है।
- गुरु **(**बृहस्पति**)** लग्न और चतुर्थ भाव के स्वामी होकर 10वें भाव में स्थित हैं। यह सरकारी क्षेत्र में उच्च और प्रभावशाली स्थान प्राप्त करने का अच्छा राजयोग जैसा है। आप सरकारी क्षेत्र में उच्च पद प्राप्त कर

सकती हैं इसलिए आपका इस ओर रुझान एकदम ग्रहों की चाल के अनुसार ही है। इस पर पूरा जोर लगा दें।

- शनि आपकी कुंडली में दूसरे और तीसरे भाव का स्वामी होकर स्वग्रही होकर दूसरे भाव में बैठा है। शनि की यह स्थिति अच्छी तो हैं लेकिन यह धन संबंधी क्षेत्र में बहुत धीरे-धीरे लाभ की स्थिति देता है। लेकिन जो भी स्थिति तैयार होती है वह एकदम पक्की सफलता देती है।

### आने वाला समय:

- अभी जो राहु की दशा चल रही है, इसमें थोड़ी उलझन और मन भटकने वाला समय हो सकता है। इसलिए इस दौरान ध्यान और फोकस बनाए रखना बहुत ज़रूरी है।

- सितंबर **2025** के बाद गुरु की दशा शुरू होगी – ये समय आपके लिए बहुत लकी और पॉजिटिव साबित हो सकता है। मेहनत का फल मिलने लगेगा।

### निष्कर्ष :

अगर आप दिल लगाकर मेहनत करें, तो **2025** के आखिर से लेकर **2026** के बीच में सरकारी नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए किए जाने वाले प्रयासों में सफलता की पूर्ण संभावना है। ग्रह स्थिति अनुकूल है और ग्रह दशाएं भी अच्छी हैं। अपने लक्ष्य ऊंचे तय कीजिए और पूरी मेहनत से उस पर काम कीजिए करियर अच्छा होगा।

यूपीएसी (सिविल सर्विस) की तैयारी करना एक अच्छा निर्णय है। यदि तैयारी में पूरी ताकत लगा देंगी तो ग्रह नक्षत्र की यह स्थिति पूर्ण फल दे सकेगी।

---

## शादी के बारे में

### विवाह से संबंधित ग्रह और भाव का विवरण:

- शादी का घर (7वां भाव) शुभ स्थिति में है। इसके स्वामी बुध ग्रह लग्न में बैठे हैं, इसका अर्थ है कि एक बार बात शुरू हुई तो शादी 'चट मंगनी पट ब्याह' की तर्ज पर हो सकती है।

- मंगल विवाह के भाव में स्थित है। यह जीवन साथी के डॉमिनेटिव होने या होने की कोशिश करने का संकेत देता है। यह विवाह उपरांत टकराव का संकेत है किन्तु आपमें योग्यता है कि आप प्रेम और चपलता से इससे स्वयं को अप्रभावित रख सकती हैं। मंगल के उपाय और लाल वस्तुओं का दान भी एक तरीका हो सकता है।

- शुक्र ग्रह जोकि प्यार, आकर्षण और रोमांस के ग्रह है वह अच्छी स्थिति में हैं। लेकिन प्रेम में अत्यधिक समर्पण से बचने का भी संकेत देती है शुक्र की यह स्थिति।

शादी के योग:

- **2026** के आसपास कोई रिश्ता बनने या बात पक्की होने का योग है।
- लेकिन शादी को पूरी तरह से सेटल होने के लिए **2027** के बाद का समय ज़्यादा अच्छा है।

सुझाव:

रिश्ते में जल्दीबाजी हो सकती है, लेकिन शादी को लेकर आपको थोड़ा धैर्य और समझदारी दिखानी चाहिए।

---

## निष्कर्ष

- अभी के समय को पूरी तरह किसी उच्च पद की सरकारी नौकरी की तैयारी में लगाइए। शिक्षा विभाग की नौकरियां, न्यायालय से जुड़ी सेवाएं, जन कल्याण विभाग अथवा लोक कल्याण से जुड़े सरकारी क्षेत्रों में जल्द सफलता प्राप्त हो सकती है।
- सितंबर **2025** से आपकी लाइफ में बेहतर परिवर्तन आने के योग है – करियर भी और रिश्ते भी। तो इस समय का अधिक से अधिक लाभ लें।
- राहु की दशा (4 सितंबर 2025) तक ध्यान, पूजा या योग ज़रूर करें ताकि मन भटके नहीं।

---

## रुद्राक्ष की सलाह

- **4+6** मुखी रुद्राक्ष – पढ़ाई, एकाग्रता और समझदारी बढ़ाने के लिए तथा मन को एकाग्र करने के लिए।

---

## रत्न की सलाह

- पन्ना **(Emerald)** – बुध को मज़बूत करने के लिए, ताकि दिमाग और बोलचाल में साफ़गोई और समझ बनी रहे।
  - वजन : सवा 4 रत्ती
  - धातु : पंचधातु या कोई भी पीली धातु

**Prepared by:** Pdt. Ravi Om Joshi, Professional Astrologer
**JyotishAsha.com**